**NEWS CLIPPING:03.11.2022**

# HADOTI ADHIKAR

# मीडिया एवं मनोरंजन उद्योग जगत के विशेषज्ञ विद्यार्थियों से हुए रुबरु

## जे.सी. बोस विश्वविद्यालय द्वारा मीडिया के विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित

**हाड़ौती अधिकार**

फरीदाबाद, 2 नवम्बर। जे. सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए के संचार और मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा पत्रकारिता एवं जनसंचार, एनीमेशन एवं मल्टीमीडिया तथा सोशल वर्क के नये विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड में अध्यक्ष तथा मीडिया निदेशक उमेश उपाध्याय तथा नेटवर्क-18 में वरिष्ठ संपादक और एंकर अमन चोपड़ा मुख्य वक्ता रहे तथा 'मीडिया सूचना प्रौद्योगिकी और समाज' विषय पर संवादात्मक सत्र में भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने की।

संचार और मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह ने मुख्य वक्ताओं का स्वागत किया तथा कार्यक्रम का व्यौरा प्रस्तुत किया। इस अवसर पर लिबरल आर्टस एवं मीडिया स्टडीज के डीन प्रो. अतुल मिश्रा भी उपस्थित थे।

कुलपति प्रो. तोमर ने विभाग के नये विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यार्थी शिक्षकों से प्राप्त ज्ञान एवं विभाग की सुविधाओं का उपयोग सीखने के लिए करें तथा कौशल विकास करें। उन्होंने विद्यार्थी जीवन में संगी साथियों के महत्त्व पर भी भाव प्रकट किए। उन्होंने विद्यार्थियों को ज्ञान एवं कौशल से अपने भविष्य को बेहतर बनाने पर बल दिया।



ओरिएंटेशन कार्यक्रम को संबोधित हुए कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर।

**कार्यक्रम में पहुंचे बॉलीवुड अभिनेता यशपाल शर्मा, फिल्म 'दादा लखमी' की हुई स्क्रीनिंग**

मुख्य वक्ता उमेश उपाध्याय ने कहा कि विद्यार्थी जीवन सीखने के लिए बेहतरीन अवसर होता है, जिसे व्यर्थ नहीं जाने देना चाहिए और इस समय का सही उपयोग करना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को जिज्ञासु बनने के लिए प्रेरित किया तथा कहा कि जिज्ञासा से संचालित मस्तिष्क हमेशा समाधान ढूंढता है, प्रश्नों को उठाता है और समय पर उनका उत्तर प्राप्त करता हैं। ये सभी गुण पत्रकारिता के विद्यार्थियों के लिए जरूरी है।

सत्र को संबोधित करते हुए अमन चोपड़ा ने उभरते नये मीडिया के स्वरूप पर बोलते हुए कहा कि पत्रकारिता के विद्यार्थियों के लिए निरंतर समाचार पत्र पढ़ने की आदत और भाषा, विशेष रूप से हिंदी पर अनिवार्य नियंत्रण अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान टाइम्स नेटवर्क की सीनियर न्यूज एंकर और सीनियर कॉरेस्पोंडेंट नैना यादव ने टीवी एंकरिंग एवं रिपोर्टिंग के परिपेक्ष एवं चुनौतियों पर चर्चा की। जनसंपर्क के विशेषज्ञ डॉ सुभाष सूद ने विज्ञापन एवं जनसंपर्क में उभरते रुझानों पर व्याख्यान दिया।

सामाजिक कार्य तथा एनीमेशन एवं मल्टीमीडिया के छात्रों के लिए भी समानांतर सत्रों का आयोजन किया गया। इंडस्ट्री में डिजिटल आर्ट पर वैभव रौतेला तथा इंडस्ट्री एक्सपर्ट रजत शर्मा ने एनीमेशन स्टूडियो में कार्यशैली पर चर्चा की।

कार्यक्रम के अंत में एक सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया, जिसने बॉलीवुड अभिनेता यशपाल शर्मा, कवयित्री खुशबू मीडिया के विद्यार्थियों से रूबरू हुए। यशपाल शर्मा की आने वाली फिल्म 'दादा लखमी' की स्क्रीनिंग भी हुई।

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING:03.11.2022**

# PIONEER

# विद्यार्थी जीवन सीखने का बेहतरीन अवसर : उपाध्याय

## जेसी बोस में मीडिया के विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विवि, वाईएमसीए, फरीदाबाद के संचार और मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा पत्रकारिता एवं जनसंचार, एनीमेशन एवं मल्टीमीडिया तथा सोशल वर्क के नये विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड में अध्यक्ष तथा मीडिया निदेशक उमेश उपाध्याय तथा नेटवर्क-18 में वरिष्ठ संपादक और एंकर अमन चोपड़ा मुख्य वक्ता रहे तथा 'मीडिया सूचना प्रौद्योगिकी और समाज' विषय पर संवादात्मक सत्र में भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने की।



**जेसी बोस विवि में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते कुलपति प्रो. एसके तोमर।**

कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन और मां सरस्वती वंदना से हुई। संचार और मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह ने मुख्य वक्ताओं का स्वागत किया तथा कार्यक्रम का व्योरा प्रस्तुत किया। लिबरल आर्टस एवं मीडिया स्टडीज के डीन प्रो. अतुल मिश्रा भी उपस्थित थे। अपने संबोधन में कुलपति प्रो. तोमर ने विभाग के नये विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यार्थी शिक्षकों से प्राप्त ज्ञान एवं विभाग की सुविधाओं का उपयोग सीखने के लिए करें तथा कौशल विकास करें।

उन्होंने विद्यार्थी जीवन में संगी साथियों के महत्व पर भी भाव प्रकट किए। उन्होंने विद्यार्थियों को ज्ञान एवं कौशल से अपने भविष्य को बेहतर बनाने पर बल दिया। मुख्य वक्ता उमेश उपाध्याय ने सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थी जीवन सीखने के लिए बेहतरीन अवसर होता है, जिसे व्यर्थ नहीं जाने देना चाहिए और इस समय का सही उपयोग करना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को जिज्ञासु बनने के लिए प्रेरित किया तथा कहा कि जिज्ञासा से संचालित मस्तिष्क हमेशा समाधान ढूंढता है, प्रश्नों को उठाता है और समय पर उनका उत्तर प्राप्त करता हैं। ये सभी गुण पत्रकारिता के विद्यार्थियों के लिए जरूरी है।

सत्र को संबोधित करते हुए अमन चोपड़ा ने उभरते नये मीडिया के स्वरूप पर बोलते हुए कहा कि पत्रकारिता के विद्यार्थियों के लिए निरंतर समाचार पत्र पढ़ने की आदत और भाषा, विशेष रूप से हिंदी पर अनिवार्य नियंत्रण अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान टाइम्स नेटवर्क की सीनियर न्यूज एंकर और सीनियर कॉरेस्पोंडेंट नैना यादव ने टीवी एंकरिंग एवं रिपोर्टिंग के परिपेक्ष एवं चुनौतियों पर चर्चा की। जनसंपर्क के विशेषज्ञ डॉ. सुभाष सूद ने विज्ञापन एवं जनसंपर्क में उभरते रुझानों पर व्याख्यान दिया।

**NEWS CLIPPING:03.11.2022**

# AAJ SAMAJ

# जेसी बोस विश्वविद्यालय में मीडिया के विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम किया आयोजन

- मीडिया एवं मनोरंजन उद्योग जगत के विशेषज्ञ विद्यार्थियों से हुए रू-ब-रू
- कार्यक्रम में पहुंचे बॉलीवुड अभिनेता यशपाल शर्मा, फिल्म दादा लखमी की हुई स्क्रीनिंग

श्यामसुंदर मित्तल

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के संचार और मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा पत्रकारिता एवं जनसंचार, एनीमेशन एवं मल्टीमीडिया तथा सोशल वर्क के नए विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड में अध्यक्ष तथा मीडिया निदेशक उमेश उपाध्याय तथा नेटवर्क-18 में वरिष्ठ संपादक और एंकर अमन चोपड़ा मुख्य वक्ता रहे तथा ह्यूमीडिया सूचना प्रौद्योगिकी और समाज विषय पर संवादात्मक सत्र में भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन और मां सरस्वती वंदना से हुई। संचार और मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह ने मुख्य वक्ताओं का स्वागत किया तथा कार्यक्रम का व्यौरा प्रस्तुत किया। इस अवसर पर लिबरल आर्टस एवं मीडिया स्टडीज के डीन प्रो. अतुल मिश्रा भी उपस्थित थे।अपने संबोधन में कुलपति प्रो. तोमर ने विभाग के नये विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यार्थी शिक्षकों से प्राप्त ज्ञान एवं विभाग की सुविधाओं का उपयोग सीखने के लिए करें तथा कौशल विकास करें।

उन्होंने विद्यार्थी जीवन में संगी साथियों के महत्त्व पर भी भाव प्रकट किए। उन्होंने विद्यार्थियों को ज्ञान एवं कौशल से अपने भविष्य को बेहतर बनाने पर बल दिया। मुख्य वक्ता उमेश उपाध्याय ने सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थी जीवन सीखने के लिए बेहतरीन अवसर होता है, जिसे व्यर्थ नहीं जाने देना चाहिए और इस समय का सही उपयोग करना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को जिज्ञासु बनने के लिए प्रेरित किया तथा कहा कि जिज्ञासा से संचालित मस्तिष्क हमेशा समाधान ढूंढता है, प्रश्नों को उठाता है और समय पर उनका उत्तर प्राप्त करता हैं। ये सभी गुण पत्रकारिता के विद्यार्थियों के लिए जरूरी है। सत्र को संबोधित करते हुए अमन चोपड़ा ने उभरते नये मीडिया के स्वरूप पर बोलते हुए कहा कि पत्रकारिता के विद्यार्थियों के लिए निरंतर समाचार पत्र पढ़ने की आदत और भाषा, विशेष रूप से हिंदी पर अनिवार्य नियंत्रण अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान टाइम्स नेटवर्क की सीनियर न्यूज एंकर और सीनियर कॉरिस्पोंडेंट नैना यादव ने टीवी एंकरिंग एवं रिपोर्टिंग के परिपेक्ष एवं चुनौतियों पर चर्चा की।

जनसंपर्क के विशेषज्ञ डॉ सुभाष सूद ने विज्ञापन एवं जनसंपर्क में उभरते रुझानों पर व्याख्यान दिया। सामाजिक कार्य तथा एनीमेशन एवं मल्टीमीडिया के छात्रों के लिए भी समानांतर सत्रों का आयोजन किया गया। इसी प्रकार, सामाजिक कार्य के छात्रों के लिए ह्यसोशल वर्क - प्रोफेशन, करियर और फ्यूचर तथा सामाजिक उद्यमिता और उभरते रुझानों पर देवेंद्र कुमार गुप्ता एवं सपना पारीक ने अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के अंत में संवादात्मक प्रश्नोत्तर सत्र एवं एक सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया। जिसने बॉलीवुड अभिनेता यशपाल शर्मा, कवयित्री खुशबू मीडिया के विद्यार्थियों से रूबरू हुए। यशपाल शर्मा की आने वाली फिल्म दादा लखमी की स्क्रीनिंग भी हुई। इस सांस्कृतिक संध्या में विभाग के विद्यार्थियों ने भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।



दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए। आज समाज

**NEWS CLIPPING:03.11.2022**

# DAINIK JAGRAN

## विद्यार्थी जीवन सीखने का बेहतरीन अवसर : प्रो.सुशील कुमार

वि., फरीदाबाद : जेसी बोस विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार, एनीमेशन एवं मल्टीमीडिया तथा सामाजिक कार्य के नए विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम हुआ। रिलायंस इडस्ट्रीज लिमिटेड में अध्यक्ष तथा मीडिया निदेशक उमेश उपाध्याय तथा वरिष्ठ अमन चोपड़ा मुख्य वक्ता रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और मां सरस्वती वंदना से हुआ। संचार और मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग अध्यक्ष, डा.पवन सिंह ने मुख्य वक्ताओं का स्वागत किया। कुलपति प्रो.सुशील कुमार तोमर कहा कि विद्यार्थी जीवन सीखने के लिए बेहतरीन अवसर होता है, जिसे व्यर्थ नहीं जाने देना चाहिए और इस समय का सही उपयोग करना चाहिए। वरिष्ठ पत्रकार नैना यादव ने एंकरिंग एवं रिपोर्टिंग की चुनौतियों पर चर्चा की। जनसंपर्क के विशेषज्ञ डा.सुभाष सूद ने विज्ञापन एवं जनसंपर्क में उभरते रुझानों पर व्याख्यान दिया।

**NEWS CLIPPING:03.11.2022**

# HINDUSTAN

## छात्रों को चुनौतियों से रूबरू कराया

फरीदाबाद, संवाददाता। जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए के संचार और मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से पत्रकारिता एवं जनसंचार, एनीमेशन एवं मल्टीमीडिया और सोशल वर्क के नए छात्रों के लिए बुधवार को एक दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

मौके पर रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड में अध्यक्ष और मीडिया निदेशक उमेश उपाध्याय और एंकर अमन चोपड़ा मुख्य वक्ता रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने वक्ताओं का स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप जलाकर किया गया। संचार और मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह ने कार्यक्रम का ब्योरा दिया।